

# गायिकी की दुनिया का चमकता सितारा बनीं सुनंदा शर्मा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मशहूर सिंगर सुनंदा शर्मा अपनी मधुर और मनमोहक आवाज से आज गायिकी की दुनिया का चमकता सितारा बन चुकी हैं। पंजाब के अमृतसर में जन्मी यह मोरनी आज अपनी आवाज के जादू से लाखों दिलों पर राज करती है। गायिकी को लेकर उनका जुनून उस वक्त रंग लाया जब मार्च 2016 में उनके गाने बिल्ली अख ने लांच होते ही धूम मचा दी।

इसके बाद उन्होंने, बुलट तां रखिया पटाके पाण नूं और जानी तेरा ना... गीत के जरिये तहलका ही मचा दिया। बुलट ता रखिया... गीत तो इतना लोकप्रिय हुआ कि स्टेज पर उनकी एंट्री ही बुलेट के साथ होने लगी। इसके बाद उन्होंने मुंबई, रांची, दिल्ली सहित देश के विभिन्न इलाकों में अपनी आवाज का जादू बिखेरा। इसके बाद कनाडा, आस्ट्रेलिया, यूरोप, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दुबई में अपने सफल शो से उन्होंने पूरी दुनिया को अपनी आवाज का दीवाना बना लिया। जुलाई 2018 में मशहूर रैपर बादशाह के साथ उन्होंने तेरे नाल नच्चां के साथ बालीवुड में भी धमाकेदार दस्तक दी।?यह गीत लोगों के दिलों पर ऐसा छाया कि देखते ही देखते यू ट्यूब पर इस गाने के हिट्स 160 मिलियन को भी पार कर गए। सुनंदा शर्मा ने आगामी फिल्म लुकाछिपी के गाने पोस्टर लगवा दो में अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से इस एक बार फिर साबित कर दिखाया है कि जुनून और कुछ हासिल करने की प्रतिबद्धता है तो समुद्र की गहराइयों से भी मोती चुने जा सकते हैं। सुनंदा शर्मा जल्द ही अपने नए गाने सैंडल के जरिये युवाओं खासकर लड़कियों के लिए जिंदादिली और आनंद की नई अनुभूति लेकर आने वाली हैं। उनके अब तक के सफर को देखते हुए कहा जा सकता है कि गायिकी की दुनिया में उनका भविष्य बेहद उज्ज्वल है और वह कामयाबी की नई गाथा लिखने वाली हैं।

## सोनम कपूर ने फिर बदला अपना नाम

सोनम कपूर शादी के बाद अपना नाम बदलकर अपने फैंस को चौंका चुकी हैं। अब उन्होंने एक बार फिर ऐसा किया है जिसे देखकर उनके फॉलोअर्स चौंक गए। उन्होंने हाल ही में ट्विटर और इंस्टाग्राम पर अपना नाम बदलकर जोया सिंह सोलंकी कर लिया है।

अगर आपको नहीं पता है कि उन्होंने ऐसा क्योंकि किया तो बता दें कि उनकी अगली फिल्म आ रही है द जोया फैक्टर। इस फिल्म में उनके साथ दलकीर सलमान लीड रोल में हैं। दलकीर फिल्म का फर्स्ट लुक भी शेयर कर चुके हैं। मानना पड़ेगा कि मेकर्स फिल्म प्रमोशन के नए-नए तरीके निकाल रहे हैं।

बता दें कि फिल्म द जोया फैक्टर अनुजा चौहान के बेस्ट सेलिंग नॉवल पर बेस्ड है। फिल्म का नाम भी वही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म जोया सोलंकी नाम की राजपूत लड़की की कहानी है।

यह लड़की अपनी एडर्वटाइजिंग एजेंसी में काम करते हुए इंडियन क्रिकेट टीम से मिलती है और 2010 क्रिकेट वर्ल्ड के दौरान उनका लकी चार्म बन जाती है।

बाद में जोया को स्किपर निखिल खोड़ा से प्यार हो जाता है जो कि कल जैसी चीजों पर भरोा नहीं करता।

# पानीपत के लिए कृति सैनन यूं सीख रही हैं मराठी

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कृति सैनन इन दिनों अपनी नई फिल्म लुका-छुपी के प्रमोशन में बिजी हैं। वहीं, इस फिल्म के बाद वह अपनी अगली फिल्म पानीपत की शूटिंग करना शुरू करेंगी।

आशुतोष गोवारिकर निर्देशित इस पीरियड फिल्म में पंजाबी कुड़ी कृति पहली बार मराठी किरदार निभाने वाली हैं। इसीलिए, वह इसके लिए खास तैयारी में भी जुटी हुई हैं। कृति इस फिल्म में मराठा योद्धा सदाशिव राव की पत्नी पार्वती बाई का रोल निभा रही हैं। सदाशिव राव ने पानीपत के तीसरे युद्ध में अफगानों के खिलाफ लोहा लिया था।

अपने इस किरदार से जुड़ी तैयारियों को लेकर कृति बताती हैं, मैं नॉर्थ इंडियन पंजाबी लड़की हूं, तो मेरे लिए मराठी किरदार करना नार्थ पोल-साउथ पोल जितना अलग था। मराठी का अपना एक लिंगो है, जिसे मैं अपने किरदार के लिए इस्तेमाल कर रही हूं, जिससे वह ज्यादा मराठी लगे। इसके लिए मैंने थोड़ी-बहुत मराठी सीखी भी है।

इसके अलावा, अगर सेट पर भी कोई मराठी में बोलता है, तो मैं पूछती रहती हूं कि इसका क्या मतलब है? बकौल कृति, मैं किसी भी भाषा का उच्चारण आसानी से कर लेती हूं। मैंने दो तेलुगू फिल्में भी की हैं। वैसे, तेलुगू भाषा मुझे नहीं आती, लेकिन कोई मुझे तेलुगू डायलॉग दे, तो मैं उसे अच्छे से बोल सकती हूं। ऐसे ही, अगर आप मुझे मराठी के शब्द दे दो, तो मैं उन्हें अच्छे से बोल दूंगी। मैंने थोड़ी मराठी क्लासेज भी लीं, लेकिन हम हिंदी फिल्म बना रहे हैं, तो मुझे पूरी भाषा सीखने की जरूरत नहीं थी। इतना जानना काफी है कि यह लाइन मुझे मराठी में बोलनी है, तो मैं कैसे बोलूंगी और उसका मतलब क्या है? इसके अलावा, कुछ ऐसे शब्द होते हैं, जिनका कोई मतलब नहीं होता है, लेकिन बातचीत में वह फ्लेवर जोड़ देते हैं, यही मैंने अपने मराठी टीचर के साथ कोशिश की कि एकाध शब्द यहां-वहां जोड़कर उसमें मराठी फ्लेवर ला पाऊं। इस फिल्म में कृति के अलावा अर्जुन कपूर और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# फिल्म लुका छुपी और अर्जुन पटियाला पाकिस्तान में रिलीज नहीं होंगी

पुलवामा आतंकी हमले के मद्देनजर अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म लुका छुपी और दिलजीत दोसांझ की अर्जुन पटियाला पाकिस्तान में रिलीज नहीं होगी। फिल्म निर्माता दिनेश विजान ने घोषणा की है कि उन्होंने फिल्मों के पाकिस्तान वितरक के साथ कॉन्ट्रैक्ट रद्द कर दिया है और अब उनका बैनर मैडॉक फिल्म्स लुका छुपी, अर्जुन पटियाला और मेड इन चाइना को पाकिस्तान में रिलीज नहीं करेगा।

टोटल धमाल के निर्माताओं ने इससे एक दिन पहले कहा था कि वे पाकिस्तान में कॉमिडी एंटरटेनर रिलीज नहीं करेंगे। यह फैसला जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा में हुए भयानक आतंकी हमले के बाद लिया गया है।

लुका छुपी एक ऐसे दम्पती की कहानी है, जो लिव-इन में रहने का फैसला करते हैं और किस तरह उनका पूरा परिवार उनके विचारों से जुड़ता है। लक्ष्मण उतेकर निर्देशित यह फिल्म 1 मार्च को रिलीज होगी। रोहित जुगराज द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमिडी फिल्म अर्जुन पटियाला 3 मई को रिलीज होगी।